Students of HMV Shine in Quiz Competition on Millets Organised under Unnat Bharat Abhiyan

दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

उन्नत भारत अभियान द्वारा एच.एम.वी. सम्मानित

सवेरा न्यूज/कुश

जालंधर, 16 जनवरी : हंस राज महिला महाविद्यालय को उसके द्वारा आयोजित किए गए जागरूकता कार्यक्रमों के तहत उन्नत भारत अभियान द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्नत भारत अभियान के रीजनल कोआर्डिनेटिंग संस्थान निटर, चंडीगढ़ द्वारा दिया गया। वर्ष 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय वर्ष मिलेट्स घोषित किया गया है। इसी के अन्तर्गत एच.एम.वी. की छात्राओं ने मिलेट्स पर आधारित ऑनलाइन क्विज में भाग लिया जिसका उद्देश्य युवाओं को मिलेट्स की महत्ता पर जागरूक करना था। प्राचार्या प्रो. डॉ. अजय सरीन ने छात्राओं को बधाई दी। इस अवसर पर उन्नत भारत टीम एच.एम.वी. की इंचार्ज डॉ. मीनाक्षी दुग्गल मेहता, सदस्य डॉ. अंजना भाटिया, उर्वशी, सुशील कुमार, शैफाली कश्यप तथा अल्का शर्मा भी उपस्थित थे। डीएवी प्रबन्धकर्त्री समिति के उप प्रधान तथा लोकल कमेटी के चेयरमैन जस्टिस (रिटा.) एन.के. सूद ने भी एच.एम.वी. को बधाई दी तथा भविष्य में भी नई ऊंचाइयां प्राप्त करने की शुभकामनाएँ दी।

जागरूकता कार्यक्रमों के तहत उन्नत भारत अभियान द्वारा सम्मानित हुई एचएमवी टीम को बधाई देते हुए डीएवी प्रबन्धकर्त्री समिति के उपप्रधान तथा लोकल कमेटी के चेयरमैन जस्टिस (रिटा.) एन.के. सूद, प्राचार्या प्रो. डॉ. अजय सरीन। (संदीप)

JALANDHAR SAVERA Edition
Jan 17, 2023 Page No. 5
Powered by : eReleGo.com